# पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति के बारे में किया गया जागरूक

अनीश

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के नेतृत्व मे पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे गुलिस्ता फाउंडेशन की महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सेवाओं और महिलाओं/बालिकाओं के लिए सहायता तंत्र की जानकारी साझा की गई। पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं को प्रेरित किया कि वे स्वयं सुरक्षित और सशक्त बनें तथा अपने आस–पास अन्य महिलाओं और बालिकाओं को भी जागरूक करें। साथ ही साइबर सुरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं, आत्मरक्षा तकनीकों और सरकारी योजनाओं के महत्व पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मिशन शक्ति केवल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के आत्मविश्वास, समाज मे सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र और सामाजिक कार्यकर्ता गुलशन जहां उपस्थित रहीं। पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं से संवाद कर उनके अनुभव सुने और बताया कि मिशन शक्ति टीमें उनके जीवन को सुरक्षित और सम्मानपूर्ण बनाने के लिए निरंतर के पर्यवेक्षण में जिले की सभी थाना मिशन शक्ति टीमें लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस केवल कानून–व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि असहाय और संकट में फंसी महिलाओं और बच्चों की सहायता, पारिवारिक विवादों का समाधान और समाज मे सुरक्षा बनाए रखने मे भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

थाना हरदत्त नगर गिरंट

आवेदिका नाजमा पत्नी अनीस की शिकायत पर मिशन शक्ति टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक श्री सुरेश कुमार, कांस्टेबल रामजन्म मौर्य, मुख्य आरक्षी गायत्री यादव और महिला आरक्षी अनामिका मिश्रा द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई। मध्यस्थता से परिवार में आपसी समझौता हुआ और आवेदिका सम्मानपूर्वक अपने घर लौट गई।

थाना सोनवा

रास्ता भटकने के कारण थाना क्षेत्र मे पहुँची किशोरी शिखा कन्नौजिया को पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ सुरक्षित उसके परिवार तक पहुँचाया।

थाना सिरसिया

मिशन शक्ति टीम ने आवेदिका सुंदर पता और उसकी देवरानी गुड़िया देवी के बीच उत्पन्न झगड़े का सफल

कॉलेज में छात्राओं और स्थानीय महिलाओं को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई।

पति–पत्नी को आपसी जिम्मेदारियों के प्रति अवगत कराया। गिलौला कस्बा, बाजार और बस स्टैंड पर महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा, महिला सहायता



थाना गिलौला

बहू सायरा बानो के घर लौटने के

योजनाओं और गुड टच–बैड टच के प्रति जागरूक किया गया।

चंपा देवी पत्नी संदीप गिरि के पारिवारिक विवाद पर मिशन शक्ति टीम ने मध्यस्थता कर दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न कड़वाहट समाप्त की। महिला को सम्मानपूर्वक उसके घर भेजा गया और भविष्य मे समान विवाद से बचाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

थाना नवीन मॉडर्न

कटरा बाजार क्षेत्र से मिली गूंगी–बहरी युवती रागिनी देवी को पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ उसके परिवार तक सुरक्षित पहुँचाया।

महिला थाना

आवेदिका गुलशन जहाँ पत्नी चाँदबाबू ने अपने पति पर मारपीट और घर से भगाने के आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। मिशन शक्ति टीम ने जांच कर दोनों पक्षों को आमने–सामने बैठाकर काउंसलिंग कराई। मध्यस्थता के प्रयास से आपसी कड़वाहट समाप्त हुई और आवेदिका सम्मानपूर्वक अपने पति के साथ अपने घर लौट गई।

महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा हेतु जागरूकता

मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को निम्नलिखित विषयों पर जागरूक किया दृ

' हेल्पलाइन नंबर (1090, 1091,

' साइबर क्राइम और फ्रॉड से बचाव के उपाय

' सरकारी योजनाएँ (कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, विधवा पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना आदि)

' आत्मरक्षा टिप्स एवं प्रशिक्षण

' बालिकाओं को गुड टच–बैड टच, नशा मुक्ति एवं लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील बनाया गया

श्रावस्ती पुलिस ने संवेदनशीलता, निष्पक्षता और तत्परता के साथ समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता सुनिश्चित की है। मिशन शक्ति टीमों द्वारा किये गए प्रयास स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि पुलिस केवल कानून–व्यवस्था की रक्षक नहीं बल्कि समाज की संरक्षक और परिवारों की समस्याओं का समाधान करने वाली विश्वसनीय संस्था है। समस्त थाना एंटी रोमियो एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा निरंतर रूप से स्कूल, कॉलेज, विद्यालय एवं कस्बों में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत उन्हें शासन द्वारा संचालित योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों, डिजिटल साधनों के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान